तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

# आईसीयू में मन नहीं लगा तो डॉक्टर से कहा- फैमिली के साथ रहूंगा, यही थी उनकी 'आखिरी इच्छा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतराष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री डॉ.सुरेंद्र दुबे ने अंतिम समय में अपना इलाज कर रहे चिकित्सकों से आग्रह किया था कि उन्हें परिवार के साथ नॉर्मल वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाए। डॉ.दुबे को 25 जून को अस्पताल में भर्ती किया गया था। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट प्रमुख डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को ही उनकी एंजियोग्राफी की गई थी। उनकी एक नस में 100% और दूसरी नस में 95% ब्लॉकेज था। स्थिति को देखते हुए भर्ती करने के तुरंत बाद ही उन्हें एंजियोप्लास्टी की गई। यह सफल रही थी।

प्रोटोकॉल के मुताबिक, किसी भी मरीज को एंजियोप्लास्टी के बाद 24 घंटे तक आईसीयू में रखना होता है। 26 जून की सुबह 24 घंटे पूर्ण होने के थोड़े देर पहले उन्होंने हमसे कहा कि उनका मन आईसीयू में नहीं लग रहा है, उन्हें वार्ड में शिफ्ट ▶▶|शेष पेज 16 पर

## शुगर को लेकर थे फिक्रमंद

25 जून को ऑपरेशन से पहले वे 13 जून को चेकअप के लिए आए थे। डॉ.स्मित श्रीवास्तव ने उनकी जांच की। वे अपनी पत्नी शशि दुबे के साथ पहुंचे थे। डॉक्टर से सेहत संबंधित चर्चा के दौरान उन्होंने अपने शुगर लेवल को लेकर चिंता जाहिर की थी।उन्होंने डॉक्टर से पूछा था कि क्या उन्हें खाना कम करने की जरूरत है, क्योंकि उनका शुगर लेवल हमेशा ही बढ़ा रहता है। इसके बाद चिकित्सक ने उन्हें सलाह देते हुए कहा था कि खाना कम करने की आवश्यकता नहीं है। ▶▶|शेष पेज 16 पर

## पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के आग्रह पर उन्हें वार्ड में किया गया था शिफ्ट

- सेहत को लेकर थे सजग संभालकर रखी थी 25 साल पुरानी फाइल
- अस्पताल में 25 जून को किया गया था भर्ती



## चेहरे पर थी चिर-परिचित मुस्कान

डॉ.दुबे की एंजियोग्राफी करने वाली टीम ने बताया कि वे अपनी बीमारी या एंजियोग्राफी को लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं थे। कोई तनाव उनके चेहरे पर नजर नहीं आया। हमेशा की तरह अपने चिर-परिचित अंदाज में बातचीत कर रहे थे। अंतिम दो दिनों में भी मुस्कुराते और दूसरों को हंसाते रहे।

# कोरोनाकाल में लिखा- चोरों को नहीं मिल रहे खाली घर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ी भाषा के जाने-माने कवि थे। उनका जन्म 8 जनवरी 1953 को छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में हुआ था। अपने जीवन में उन्होंने पांच किताबें लिखीं और कई मंचों-टीवी शो में हिस्सा लिया। 2010 में भारत सरकार ने उन्हें देश के चौथे उच्चतम नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया था। ▶▶|शेष पेज 16 पर

- हास्य में गंभीर बात कहने की कला में माहिर थे कवि सुरेन्द्र दुबे

## 2010 में भारत सरकार ने दिया था पद्मश्री पुरस्कार

सुरेंद्र दुबे का जन्म 8 जनवरी 1953 को छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में हुआ था। उन्होंने पांच किताबें लिखी हैं। वह कई मंचों और टेलीविजन शो पर भी प्रस्तुति दे चुके थे। उन्हें भारत सरकार ने 2010 में देश के चौथे उच्चतम भारतीय नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया था। नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन की ओर से शिकागो ▶▶|शेष पेज 16 पर

## खबर संक्षेप

### शैक्षणिक कार्य से पृथक किए गए डॉ. सिन्हा

**रायपुर।** चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर डॉ.आशीष सिन्हा को चिकित्सीय कार्य से पृथक कर दिया है। यह आदेश विशाखा समिति की रिपोर्ट के आधार पर जारी किया गया है। डॉ.सिन्हा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा पदस्थ हैं। उन पर विभाग की पीजी छात्रा से अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था। छात्रा द्वारा मार्च में प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच आंतरिक शिकायत समिति द्वारा की गई। शिकायतकर्ता निर्भय होकर अपने विभाग में अपना कार्यकाल व शैक्षणिक कार्य संपादित कर सके, इसलिए डॉ.सिन्हा को केवल प्रशासनिक कार्य सौंपने कहा गया है।

### डायोसिस बोर्ड विवाद काउंटर एफआईआर दर्ज करने की मांग

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन के खिलाफ 19 जून को दर्ज एफआईआर को बोर्ड के सचिव एवं उपाध्यक्ष नितिन लारेंस ने झूठी एवं मनगढ़ंत बताया है। लारेंस के अनुसार, पुलिस को धोखे में रखकर पुराने दस्तावेजों के आधार पर उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है। झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वालों के खिलाफ नितिन लारेंस ने एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा तथा पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम के पास लिखित में शिकायत दर्ज कराए जाने की जानकारी दी है।

### कारोबारी के सूने मकान से ढाई लाख की चोरी

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़कर ढाई लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर, नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पेशे से सराफा कारोबारी अवंति विहार निवासी स्वयं जैन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। स्वयं ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह शादी समारोह में शामिल होने मनेंद्रगढ़ गया था। दूसरे दिन घर में काम करने आने वाली बाई ने स्वयं को कॉल कर जानकारी दी कि वह काम करने घर पहुंची, इसी दौरान एक अज्ञात बदमाश को घर की दीवार को फांदकर भागते देखा। बदमाश मेन गेट का ताला तोड़कर खिड़की का नट बोल्ट खोलकर अंदर दाखिल हुआ। मास्टर बेडरूम में लगे लॉक को बदमाश गैस कटर से काटकर अंदर दाखिल हुआ और आलमारी में रखे जेवर, नकदी तथा कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

### महिला का अश्लील वीडियो बनाने की कोशिश, गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने महिला का नहाते हुए अश्लील वीडियो बनाने की कोशिश करने के आरोप में निगरानी बदमाश तथा उसके एक भाई को गिरफ्तार किया है। महिला और उसके पति की शिकायत पर पुलिस ने ईदगाहभाठा निवासी शेख जफर उर्फ झोल्टू तथा उसके भाई मो. कलाम को गिरफ्तार किया है। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि वीडियो बनाने का विरोध करने पर बदमाशों ने उसके तथा बेटे के साथ मारपीट करते हुए उन पर चाकू से हमला कर दिया।

## हत्या के पहले किशोर को इंद्रप्रस्थ के फ्लैट में ले जाने का दृश्य कैमरे में कैद

# शातिर पति-पत्नी ने किशोर का मकान ही नहीं 22 एकड़ जमीन की भी अफरातफरी की


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


किशोर पैकरा के सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस को नई जानकारी मिली है। शातिर अंकित उपाध्याय ने किशोर की बजरंग नगर स्थित मकान बिक्री की राशि हड़पने के साथ ही उसकी तिल्दा स्थित 22 एकड़ पैतृक कृषि भूमि बिक्री की राशि में बंदरबाट की है। साथ ही उसने पत्नी के साथ मिलकर हत्या के पाप को किसी दूसरे के सिर मढ़ने प्लानिंग की थी। पकड़े जाने पर अंकित ने चंद्रप्रकाश कुर्रे को हत्या का प्रमुख साजिशकर्ता बताया था। चंद्रप्रकाश का प्रमुख साजिशकर्ता के रूप में नाम आने पर पुलिस उससे लगातार दो दिन तक पूछताछ करती रही और घटनास्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज का मिलान किया तो गलत पाया। गुरुवार को हत्या के आरोपियों को घटना स्थल ले जाकर क्राइम सीन रिक्रिएशन कराया गया।

हरिभूमि फॉलोअप

किशोर हत्याकांड से जुड़े मामले की पड़ताल में अब तक जो बातें निकलकर सामने आई हैं, उसके मुताबिक अंकित उपाध्याय ने किशोर की प्रमुख प्रापर्टी जिसमें बजरंग नगर स्थित मकान को 30 लाख रुपए का झांसा देकर हड़प लिया। इसके बाद उसने किशोर की उसकी मां के नाम तिल्दा में 22 एकड़ जमीन को बिक्री कराया। पुलिस को जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जमीन बिक्री की रकम में अंकित ने किशोर तथा उसकी मां को जब वो जिवित थी, अलग-अलग तरह का झांसा देकर जमकर रकम ऐंठा। बजरंगनगर स्थित मकान के साथ तिल्दा की कृषि भूमि की बिक्री वर्ष 2018-19 से 2020-21 के बीच की गई है।

## नया फूटेज भी आया





### मृतक को फ्लैट ले जाने का सीसीटीवी

हत्या के पूर्व का इंद्रप्रस्थ कालोनी के लिफ्ट के पास मृतक के साथ अंकित और उसकी पत्नी का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें अंकित तथा किशोर सुबह 6.22 बजे लिफ्ट के अंदर दाखिल होते हैं। तीन मिनट बाद चेहरे पर स्कार्फ बांधे शिवानी शर्मा नाइट शूट पहने सीढ़ी के रास्ते ऊपर जाती दिख रही है।



माह भर पहले हत्या का प्लान, किशोर के पैर को दबा कर बैठी रही शिवानी, पति ने गला घोंटा और फिर रेत दिया

### पकड़े जाने के बाद बताया था साजिशकर्ता

अपनी गिरफ्तारी के बाद अंकित ने किशोर की हत्या का प्रमुख साजिशकर्ता चंद्रप्रकाश को बताया। साथ ही उसने चंद्रप्रकाश को इंद्रप्रस्थ स्थित फ्लैट से लाश निकालने की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने चंद्रप्रकाश को पूछताछ करने थाने बुलाया। साथ ही घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज का चंद्रप्रकाश की कद काठी से मिलान किया। चंद्रप्रकाश से पूछताछ तथा घटना स्थल में मिले सीसीटीवी फूटेज का मिलान करने से चंद्रप्रकाश का हत्याकांड में दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने चंद्रप्रकाश को क्लीनचिट दी।


### पूरी तरह से खोखला करने के बाद बनाई हत्या की योजना

अंकित के बारे में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वह कोई काम नहीं करता था। वह नाम का वकील था, इसके अलावा वह अपने आपको प्रापर्टी डीलर बताता था और किशोर के पैसों से गुलछर्रे उड़ाता था। किशोर को पूरी तरह से खोखला करने के बाद अंकित को किशोर रास्ते का कांटा लगने लगा और उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर किशोर को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

### कौन है चंद्रप्रकाश जिसे फंसाना चाहता था

चंद्रप्रकाश का किशोर के साथ हांडीपारा स्थित अपना पैतृक निवास बेचे जाने को लेकर कोर्ट में मामला चल रहा है। इसकी जानकारी अंकित को पहले से थी। उसने प्लानिंग की थी कि किशोर की हत्या करने के बाद वह हत्या का आरोप चंद्रप्रकाश पर मढ़ देगा। हत्या के कारण का विषय उसने हांडीपारा स्थित मकान बिक्री के विवाद को बनाया था।

# आंबेडकर अस्पताल में सो रही महिला का गार्ड ने चुराया मोबाइल व पर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में गार्ड ने ही चोरी की है। यहां मरीज के साथ आई एक महिला बाहर कॉरिडोर में सो रही थी। सोती हुई महिला के ब्लॉऊज में हाथ डालकर गार्ड ने पर्स और मोबाइल चोरी किया है। गार्ड ने 13 हजार कैश और दो मोबाइल महिला के ब्लाऊज में हाथ डालकर निकाले। महिला नींद में थी, इसलिए उस वक्त उसे इसका पता नहीं चल सका। मौदहापारा पुलिस ने आरोपी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। गार्ड का नाम प्रदीप ग्रेंदे है। आरोपी गार्ड कॉल मी सर्विस का है। उल्लेखनीय है कि वह सुरक्षा कंपनी बीते कई दिनों से विवाद में है। इसी कपंनी के बाउंसर द्वारा कुछ दिनों पूर्व मीडियाकर्मी पर बंदूक तान दी गई थी।

- मामला आंबेडकर अस्पताल का, वीडियो वायरल
- आरोपी गिरफ्तार, 13 हजार कैश और 2 मोबाइल किए पार

## एडवांस कार्डिएक यूनिट की घटना

चोरी की यह घटना 25 जून को रात 12 बजे हुई। एडवांस कार्डिएक यूनिट का यह मामला बताया जा रहा है। एडवांस कार्डिएक यूनिट आंबेडकर अस्पताल का सबसे अपडेट विभाग माना जाता है। सोती हुई महिला का पर्स और मोबाइल चोरी करते हुए गार्ड सीसीटीवी में कैद है। इसके आधार पर कार्रवाई की गई है। मेकाहारा में आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन कोई सख्ती प्रबंधन अब तक नहीं कर सका है। मौदहापारा टीआई यमन देवांगन ने बताया कि आरोपी गार्ड के पास से कैश और चोरी किए गए दोनों मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं।

# अब बेजा कर्मचारी संगठनों पर लगेगी लगाम, 20 प्रतिशत सदस्य वालों को सरकार देगी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब केवल वही कर्मचारी संगठन अपनी गतिविधियां संचालित कर पाएंगे, जिनके पास कुल कर्मियों में से 20 प्रतिशत की सदस्यता होगी। राज्य में फिलहाल करीब 90 संगठन काम कर रहे हैं, लेकिन नया नियम लागू होने के बाद इनकी संख्या 5-7 से अधिक नहीं रह जाएगी। खास बात ये है कि छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक (सेवा संघ) नियम जो अब से 58 साल पहले 1967 में बना था, उसे निरसित कर दिया गया है। राज्य के प्रमुख कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संघ ने सरकार के इस कदम की सराहना की है।

▶▶|शेष पेज 16 पर

- राज्य सरकार ने बनाया नया सेवा संघ नियम
- अब सरकार सदस्यता की जांच भी करेगी

### ये है मामला, सरकार ने बनाया नया नियम

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक (सेवा संघ) नियम 2025 बनाया है। इसके तहत नए प्रावधान किए गए हैं। इसमें साफ किया गया है कि शासकीय सेवक का मतलब ये है कोई भी ऐसा व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 लागू होता है। यह नियम उन कर्मचारी और उनके संगठनों के लिए बनाया गया है।

### ये है नया नियम

नए नियम में कहा गया है कि राज्य सरकार किसी संघ से केवल उस दशा में पत्र व्यवहार करेगी जब कि उसके समाधानप्रद रूप से साबित कर दिया जाए कि ऐसा संघ शासकीय सेवकों के उस प्रवर्ग या उन प्रवर्गों के, जिसका कि वह प्रतिनिधित्व करना चाहता है, कम से कम 20 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। नियम के एक बिंदु में कहा गया है कि राज्य सरकार स्वयं का यह ▶▶|शेष पेज 16 पर

### अब लगेगी बेजा संगठनों पर लगाम

राज्य के कर्मचारी संगठनों के नेताओं की मानें तो प्रदेश में इस समय कम से कम 90 कर्मचारी संगठन काम कर रहे हैं। इनमें से कई दर्जन के पास 20 प्रतिशत की सदस्यता नहीं है। इन संगठनों ने प्रदेश के सभी जिलों में पदाधिकारी बना रखे हैं। ये लोग अपने हिसाब से नेतागीरी करते हैं, लेकिन नया नियम लागू होने के बाद इस प्रकार के संगठनों को मान्यता नहीं मिल सकेगी, न ही वे सरकार से पत्राचार कर सकेंगे। न इन संगठनों के पत्रों को सरकार तवज्जो देगी। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय झा ने सरकार के इस कदम की सराहना की है। इससे उन संगठनों पर लगाम लगेगी जो संगठन बनाकर कर्मचारी एकता को कमजोर करने का प्रयास करते हैं। शासन ने फेडरेशन के अनुरोध पर संघों को कार्यकाल के अनुसार मान्यता देने का आदेश जारी किया।

# अगले 6 दिनों तक तरबतर रहेगा छग

- भारी बारिश का क्षेत्र रहेगा मध्य छग, राजधानी में गुरुवार तड़के बरसा 2 सेमी पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जून में अब तक औसत से कम वर्षा होने के बाद आने वाले 6 दिन पूरे प्रदेश में बदली-बारिश के हालात रहेंगे। शुक्रवार को भारी बारिश का क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ रहेगा, जबकि अन्य स्थानों में भी हल्की से मध्यम वर्षा होगी। इसके पहले गुरुवार को राजधानी रायपुर में तड़के 2 सेमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद पूरे दिन रह-रहकर छींटे पड़ते रहे। आज बारिश के साथ-साथ प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने व वज्रपात होने की चेतावनी भी जारी की गई है।

पूरे प्रदेश का तापमान 31 डिग्री के करीब सिमट गया है। सर्वाधिक गर्म 31.2 डिग्री के साथ बिलासपुर रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान 21 डिग्री पेंड्रा ▶▶|शेष पेज 16 पर

### बिलासपुर संभाग में सर्वाधिक वर्षा

गुरुवार को बिलासपुर संभाग में सर्वाधिक वर्षा हुई। दर्री में 11 सेमी, घरघोड़ा में 9 सेमी, पाटन, पथरिया, बकावंड व पटना में 8 सेमी, बलौदाबाजार, गंगालूर, तिल्दा, छाल, भाटापारा, लालपुर थाना व भटगांव में 7 सेमी, पोंडी बचारा, अकलतरा, पलारी व करपावंड में 6 सेमी, लोरमी, पिथौरा, कापू, बम्हनीडीह, नवागढ़, कोरबा, जांजगीर, तोकापाल, बैकुंठपुर व सरसिवा में 5 सेमी बारिश हुई। शेष स्थानों पर 5 सेमी से कम बारिश दर्ज की गई है।

# सात करोड़ का तेंदूपत्ता बोनस घोटाला, ईओडब्लू ने चार वनकर्मी सहित 11 लोगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुकमा वनमंडल में वर्ष 2021-22 में तेंदूपत्ता संग्रहकों को आबंटित किए जाने वाले सात करोड़ रुपए के बोनस राशि घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी के अफसरों ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चार वनकर्मी सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व ईओडब्लू, एसीबी के अफसर 17 अप्रैल को सुकमा के तत्कालीन डीएफओ, निलंबित आईएफएस अशोक पटेल को गिरफ्तार किया है, जो वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। गिरफ्तार आरोपियों में चार वनकर्मी शामिल हैं, जिनमें तीन डिप्टी रेंजर तथा एक फॉरेस्ट गार्ड शामिल है।

तेंदूपत्ता बोनस राशि घोटाला के आरोप में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने घोटाले के आरोप में चैतूराम बघेल, देवनाथ भारद्वाज, पोडियामी इडिमा (हिडमा), मनीष कुमार बारसे के साथ प्रबंधक पायम सत्यनारायण उर्फ शत्रु, मोहम्मद शरीफ, सीएच रमना (चिट्टी), सुनील नुप्पो, रवि कुमार गुप्ता, आयतू कोरसा एवं मनोज कवासी को गिरफ्तार किया है। ईओडब्लू ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उन पर अफसरों के साथ मिलीभगत कर तेंदूपत्ता बोनस राशि वितरण करने फर्जी नाम चढ़ाने के साथ हितग्राहियों को बोनस नहीं देने का आरोप है।

### तत्कालीन सुकमा डीएफओ निलंबित, आईएफएस अशोक पटेल की गिरफ्तारी के बाद दूसरी बड़ी कार्रवाई



### यह है पूरा मामला

तत्कालीन सुकमा डीएफओ अशोक कुमार पटेल और उनके साथियों ने तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों की बोनस राशि में घोटाला वर्ष 2021 और 2022 के तेंदूपत्ता सीजन में किया है, जिसमें करीब 7 करोड़ रुपए की राशि संग्राहकों को दी जानी थी। अधिकारियों ने आपसी साठगांठ कर बड़ी रकम खुद रख ली और संग्राहकों तक पैसा नहीं पहुंचा। जांच में खुलासा हुआ है कि इस राशि का कुछ हिस्सा पूर्व विधायक मनीष कुंजाम और कुछ पत्रकारों को भी दिया गया था। इस मामले में एसीबी, ईओडब्लवू ने अशोक कुमार पटेल और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी की धाराओं में 8 अप्रैल 2025 को एफआईआर दर्ज की। एफआईआर दर्ज होने के बाद 10 अप्रैल को छापामार कार्रवाई की गई है।

# कपड़ा, फर्नीचर के बाद स्टेट जीएसटी के गुटखा, फुटवेयर सेक्टर में छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार जीएसटी चोरी की मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी के अफसरों ने रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर और कोरबा में गुटखा, कपड़ा, फर्नीचर के साथ फूटवेयर सेक्टर में छापे की कार्रवाई करते हुए ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा का टैक्स कलेक्शन किया है। मंगलवार को पंडरी कपड़ा बाजार में कपड़ा कारोबारी व फर्नीचर कारोबारी पर कार्रवाई के बाद बुधवार को जीएसटी की टीम दुर्ग स्थित गनियारी गांव की एक गुटखा फैक्ट्री में छापा मारने पहुंची। बताया जा रहा है कि विभाग ने फैक्ट्री संचालक पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जीएसटी अधिकारियों के अनुसार इस बंद फैक्ट्री में गुटखा बनाया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर ज्वाइंट कमिश्नर के ▶▶|शेष पेज 16 पर

- ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा का टैक्स कलेक्शन
- जीएसटी के अफसरों ने आधा दर्जन जिलों में की छापे की कार्रवाई

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

## की हार्दिक शुभकामनाएं...





नीलाचल-निवसाय नित्याय परमात्मने; बलभद्र-सुभद्राभ्यां जगन्नाथाय ते नमः
जगदा-नंद-कंदाय प्रणतार्तहराय च; नीलाचय-निवसाया जगन्नाथाय ते नमः


# जय जगन्नाथ


रथ यात्रा, जिसे भगवान जगन्नाथ की यात्रा के रूप में भी जाना जाता है, ओडिशा के पुरी में हर साल धूमधाम और भक्ति के साथ मनाई जाती है। इस पवित्र त्योहार का इतिहास और महत्व अत्यंत गहरा है, जो धार्मिक श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। रथ यात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विशाल रथों पर सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं।पुरी में इस अवसर पर तीन भव्य रथ बनाए जाते हैं। भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदिघोष', बलभद्र का 'तालध्वज' और सुभद्रा का 'दर्पदलन' कहलाता है। लाखों की संख्या में भक्तगण इन रथों को रस्सियों से खींचते हैं और इस प्रक्रिया को अत्यंत शुभ मानते हैं। यह यात्रा मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है, जहां भगवान कुछ दिनों के लिए ठहरते हैं। रथ यात्रा का आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य भक्तों के लिए भगवान के दर्शन सुलभ कराना है। यह यात्रा यह भी प्रतीक है कि भगवान अपने भक्तों के करीब आ रहे हैं, उनका स्वागत करने के लिए। इस पर्व के माध्यम से समाज में सेवा, भक्ति और एकता की भावना को भी प्रोत्साहित किया जाता है। रथ यात्रा के दौरान पुरी शहर भक्ति और उल्लास से गूंज उठता है। विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस महोत्सव में भाग लेने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुरी आते हैं। यह अवसर उन्हें अपनी आस्था प्रकट करने और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। रथ यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। यह त्योहार सभी को एक साथ मिलकर भगवान की सेवा करने और सामाजिक एकता का संदेश देता है। इसमें भाग लेने वाले श्रद्धालु बिना किसी भेदभाव के अपने धार्मिक और सामाजिक कर्तव्यों का पालन करते हैं।इस रथ यात्रा के पावन अवसर पर, हम भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करते हैं कि वे सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं। यह पर्व हमें सद्भावना, भक्ति और सेवा की सीख देता है। आइए, हम सब मिलकर इस पवित्र त्योहार का आनंद लें और भगवान जगन्नाथ के चरणों में अपनी भक्ति अर्पित करें।





























## खबर संक्षेप

### तीन अपर आयुक्तों के प्रभार बदले, पांडे को स्वच्छता का प्रभार

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने गुरुवार को 3 अपर आयुक्तों के प्रभार बदल दिये हैं। जारी आदेश में अपर आयुक्त राजेंद्र गुप्ता को 15वें वित्त आयोग, मोटर वर्कशाप और उद्यान व संस्कृति विभाग का प्रभार सौंपा गया है। उन्हें अपर आयुक्त स्वास्थ्य एवं स्वच्छ भारत मिशन से मुक्त कर दिया गया है। इसी तरह प्रभारी अपर आयुक्त विनोद पांडेय को स्वास्थ्य और स्वच्छ भारत मिशन का समस्त प्रभार सौंप दिया गया है। प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटिक को प्रधानमंत्री आवास योजना का समस्त प्रभार दिया गया है। नगर निगम आयुक्त ने इस आशय का प्रशासनिक आदेश तत्काल प्रभावशील कर दिया है।

## निधन

### गौरव तिवारी

**रायपुर।** दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी गौरव तिवारी (48) का 24 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 जून को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे इंजीनियर लक्ष्मीनारायण तिवारी (कठिया वाले) एवं विजया लक्ष्मी तिवारी के पुत्र थे।



### डॉ. जेसी गुप्ता

**रायपुर।** देवेंद्र नगर निवासी डॉ. जेसी गुप्ता (97) का 26 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जून को सुबह 11 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे डॉ. शशांक गुप्ता के पिता थे।



# छत्तीसगढ़ के नए सीएस पर सस्पेंस, 30 को फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव का फैसला 30 जून को होगा। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी है। दरअसल, इसी तारीख को राज्य के मौजूदा मुख्य सचिव अमिताभ जैन (1989 बैच के आईएएस) सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राज्य के नए मुख्य सचिव का फैसला सरकार को करना है।

हालांकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो दिन पहले ही कहा है कि सीएस के नाम का फैसला जल्द किया जाएगा। इससे पहले नौकरशाही में दिलचस्पी रखने वाले लोगों को इस बात का इंतजार है, यह पद किस अधिकारी को मिलने जा रहा है।



### कई अधिकारी हैं दावेदार

छत्तीसगढ़ में मुख्य सचिव पद के दावेदारों में कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम शामिल है। इनमें से अधिकतर एसीएस रैंक के हैं। राज्य में जो अधिकारी सेवाएं दे रहे हैं, उनके अलावा भी कुछ अधिकारियों को दावेदारों में गिना जा रहा है, जो इस समय केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे हैं।

### ये हो सकते हैं नए सीएस

छत्तीसगढ़ में इस वक्त 1991 बैच की अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, 1992 बैच के सुब्रत साहू 1994 बैच की ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ छत्तीसगढ़ में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं 1993 बैच के अमित अग्रवाल, 1994 बैच की निधि छिब्बर, विकासशील प्रतिनियुक्ति पर प्रदेश से बाहर सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ की स्वाभाविक दावेदारी सबसे अधिक प्रबल है। यह भी कहा जा रहा है कि वरिष्ठ अफसर को प्रतिनियुक्ति से वापस भी लाया जा सकता है।

# मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति अटकी, कानूनी पेंच अभी बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए दावेदारों के इंटरव्यू का काम पूरा हो चुका है, और कमेटी ने इंटरव्यू के बाद नाम की अनुशंसा राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को सौंप दी है, लेकिन हाईकोर्ट से स्टे होने के कारण इस पद पर नियुक्ति अभी अटकी है। यहां यह बताना लाजिमी है कि 30 जून को सेवानिवृत हो रहे राज्य के प्रशासनिक मुखिया अमिताभ जैन को इस पद के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। उनके अलावा पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा, पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी, पूर्व आईएएस संजय कुमार अलंग, त्रिलोकचंद महावर और उमेश कुमार अग्रवाल भी दावेदार हैं। इसी तरह राज्य सूचना आयुक्त पद के प्रमुख दावेदारों में पूर्व आईएएस अमृत कुमार खलको, बृजेश कुमार मिश्रा, डॉ. संजय कुमार अलंग, त्रिलोक चंद महावर, और उमेश कुमार अग्रवाल के नाम शामिल हैं।




### स्टे वैकेंट कराने के प्रयास

अमिताभ जैन मुख्य सचिव पद से 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि उनके रिटायरमेंट के साथ ही उन्हें मुख्य सूचना आयुक्त पद दिया जाए। ज्ञात हो कि मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्ति पर हाई कोर्ट का स्टे है। तीन-चार दिन से सरकार लगातार जीएडी के अधिकारियों से बात कर रही है। कई प्रयासों के बाद भी जब हाई कोर्ट में केस नहीं लगा, तो जीएडी सचिव ने महाधिवक्ता से बात की है। अर्जेंट हियरिंग के लिए प्रयास कर स्टे वैकेंट कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# ड्रग का ओवरडोज, गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज
# शहर में कई अड्डे, जहां दिन में भी शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आउटर को नशेड़ियों ने नशा करने का महफूज ठिकाना बना लिया है। हरिभूमि की टीम ने गुरुवार को राजधानी के अलग-अलग अउटर के इलाकों में रियालिटी चेक की, तो वहां नशेड़ी बेखौफ होकर दिन के समय जाम छलकाते दिखे। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है, रात के समय स्थिति और कितनी भयावह रहती होगी। कबीर नगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व ड्रग के ओवरडोज लेने वाले को कार से धक्का देने की घटना हुई थी। समय पर उपचार नहीं मिलने से ड्रग का ओवरडोज लेने वाले की मौत हो गई थी। घटना के बाद एसएसपी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की 20 अलग-अलग टीम ने राजधानी के दो सौ से ज्यादा जगहों पर छापे की कार्रवाई की है।

कबीर नगर थाना क्षेत्र के बाल्मिकी नगर जाने के आउटर में मंगलवार को मंदीप सिंग नामक युवक को चलती कार से फेंक दिया गया था। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर संतोष मिश्रा, साधना अग्रवाल उर्फ भूरी को गिरफ्तार किया, तो उन लोगों ने बताया कि मंदीप ने ड्रग इंजेक्ट कर ओवरडोज ले लिया था, जिससे वह बेसुध हो गया। इसके बाद दोनों ने मंदीप को इलाज कराने के बजाय चलती कार से धक्का मार कर गिरा दिया। समय पर उपचार नहीं मिलने से मंदीप की मौत हो गई।

### ड्रग ओवरडोज घटना के बाद पुलिस नींद से जागी, गांजा पीने में इस्तेमाल गोगो पेपर चिलम बेचने वालों पर कसा शिकंजा





**इन जगहों पर नशेड़ियों का जमघट :** शहर के जिन आउटर में नशेड़ी शराब पीने के साथ अन्य तरह के मादक पदार्थ सेवन करते पाए गए, उनमें महाराजबंध तालाब किनारे, खारुन नदी तट, खमतराई ओवरब्रिज के नीचे तथा गोकुल नगर का आउटर इलाका शामिल है।

### घटना के बाद एक्शन में आई पुलिस

शहर के आउटर में ड्रग के ओवरडोज लेने से मौत मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए मादक पदार्थ खासकर गांजा पीने के काम आने वाला गोगो पेपर, चिलम के साथ अन्य सामान की जब्ती करने क्राइम ब्रांच की टीम छापे की कार्रवाई करने निकली। क्राइम ब्रांच की टीम ने ठेलों, गुमटी व रोड किनारे बिकने वाले गोगो पेपर, चिलम, ई-सिगरेट, प्रतिबंधित हुक्का फ्लेवर, गुटखा, गांजा एवं प्रतिबंधित सिगरेट बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

### डीलर के यहां छह हजार से ज्यादा गोगो पेपर जब्त

छापे की कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम पान ठेला संचालकों की निशानदेही पर शंकर नगर स्थित गोगो पेपर बेचने वाले डिस्ट्रीब्यूटर केके ट्रेडर्स के गोदाम पर छापा मारने पहुंची। पुलिस ने डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम से छह हजार से ज्यादा गोगो पेपर जब्त किया है। गांजा पीने के लिए प्रेरित करने के आरोप में पुलिस ने डिस्ट्रीब्यूटर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### पान ठेला, गुमटी में छापे में यह मिला

- 2600 गोगो पेपर
- 400 रोल पेपर
- 550 चिलम
- 04 पैकेट प्रतिबंधित सिगरेट
- 04 सिगार
- 200 पाउच प्रतिबंधित गुटखा
- 10 पैकेट प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित फ्लेवर
- 25 नग हुक्का से संबंधित अलग-अलग सामान

### आउटर में पुलिस का खौफ नहीं

शहर के आउटर में ड्रग के ओवरडोज से मौत के बाद शहर के आउटर का जायजा लेने पर पहले की तरह नशेड़ी खुले में शराब सेवन करने के साथ अन्य तरह के मादक पदार्थों का खुलेआम सेवन करते मिले। नशेड़ी इतने बेफिक्र थे कि उन्हें वहां पुलिस के आने का किसी तरह से डर नहीं था। इसीलिए बेफिक्र होकर ग्रुप बनाकर जाम छलकाते दिखे। इनमें ज्यादातर लोग शहर के अलग-अलग जगहों के तलाब किनारे शराब पीते पाए गए। जिन इलाकों में नशेड़ी जाम छलकाने के साथ अन्य तरह के मादक पदार्थों का सेवन करते पाए गए, वो सभी स्थान शहर के संवेदनशील क्षेत्र हैं।

# रायपुरा से गोल चौक तक बिजली के तार किए जाएंगे अंडरग्राउंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुरा चौक से गोल चौक तक बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करने का काम प्रारंभ किया जा रहा है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुरा चौक में रुपए 433.37 लाख की लागत से होने वाले अंदर ग्राउंड केबलिंग कार्य का श्रीफल फोड़कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, मुख्य अभियंता बिजली विभाग मधुकर जामुलकर, अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता वी के तिवारी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव नशीने उपस्थित थे। अंडर ग्राउंड बिजली केबल का यह कार्य मनुआस रियल्टी मैरिज पैलेस चौक रायपुरा, राज ट्रेडर्स से प्रतिमा हार्डवेयर तक, गोल चौक के पास डीडी नगर, मंजीत टावर के पास, कामाख्या रेस्टोरेंट के पास, राजा बैटरी से सन्नी ट्रेडर्स तक किया जाएगा। श्री मूणत ने बताया जैसे ही यह अंडर ग्राउंड केबल कार्य पूर्ण हो जाएगा इसके बाद यहां पर लोक निर्माण विभाग से चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा।



हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



15
मानसिक रूप से कमजोर बच्चों ...

एजूकेशन लाइव

## 'शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश' विषय पर नेशनल कांफ्रेंस आज से



**रायपुर।** नए शैक्षणिक सत्र का आगाज होते ही छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कॉलेज में शिक्षा विभाग एवं कंप्यूटर विभाग द्वारा शुक्रवार से दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश विषय पर कॉन्फ्रेंस विप्र कॉलेज व शासकीय केआरडी नवागढ़ बेमेतरा, महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज और वीतराग रिसर्च फाउंडेशन इसके लिए संयुक्त प्रयास कर रहे हैं। विप्र कॉलेज के सभागार में हाईब्रिड मोड में आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस सुबह साढ़े 9 बजे आयोजित है। इसका आगाज पं. रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में होगा। वहीं ज्ञानेश शर्मा अध्यक्ष विप्र शिक्षण समिति समारोह की अध्यक्षता में करेंगे।

### वक्तव्य के बाद शोधार्थी पढ़ेंगे शोधपत्र

नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. अमितेष झा एवं द्वितीय सत्र के वक्ता डॉ .थीयागु सूर्या होंगे। वे कर्नाटक से इस वैचारिक मंथन का हिस्सा बनने के लिए मौजूद रहेंगे। इनके वक्तव्य के बाद ही तृतीय सत्र में प्रतिभागी शोधपत्र पेश करेंगे। राष्ट्रीय कांफ्रेंस के संयोजक मंडल में डॉ. दिव्या शर्मा, मोहित श्रीवास्तव, डॉ. प्रेम चंद्राकर और डॉ. निर्मल कुमार सहित सभी संस्थानों के प्राध्यापक और शोधार्थी समेत प्रतिभागी के रूप में विद्यार्थी भी इसमें भाग लेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. गिरीशकांत पाण्डेय एवं डॉ. देवाशीष मुखर्जी मंचस्थ रहेंगे। यह जानकारी विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने दी।

लाइव इवेंट

## नशामुक्त सोसाइटी बनाने साइकिल चलाकर दिया जागरूक और सेहतमंद रहने का संदेश



**रायपुर।** मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब परिसर में नशे को जड़ से उखाड़ने जन-जागरूकता साइक्लोथान व टीम स्टे फिट विथ मी का आयोजन किया गया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मोक्सीहेल्थ, लीड एजेंसी रोड सेफ्टी छत्तीसगढ़ के सहयोग से नशामुक्ति पखवाड़े के तहत यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों नागरिकों ने साइकिल चलाकर व फिटनेस के लिए एरोबिक्स, जुम्बा में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारकोटिक्स विंग के पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव के साथ सहायक पुलिस महानिरीक्षक, यातायात संजय शर्मा, क्षेत्रीय निदेशक रविशंकर जोशी ने साइक्लोथान को हरी झड़ी दिखाकर शुभारंभ किया। आयोजन में सैकड़ों नगरिकों ने हिस्सा लिया।

### प्रतिभागियों को दिया प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह

इस दौरान शहर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण उपरांत वापसी करने के बाद समस्त साइकिल चालकों एवं प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह तथा स्वल्पाहार का वितरण किया गया। प्रारंभ में छत्तीसगढ़ राइडर्स क्लब, साई रायपुर सहित सैकड़ों साइकिल चालकों तथा अन्य नागरिकों की फिटनेस के लिए एरोबिक्स/जुम्बा आयोजित हुआ, तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों ने साइक्लोथान को हरी झंडी दिखाई। हर साल 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस का आयोजन एक नशामुक्त समाज बनाने की दिशा में जागरूकता लाने किया जाता है। इस अवसर पर युवा, बच्चे, बड़े सभी ने बढ़-चढ़कर हिसा लिया। आयोजन के समापन में नशामुक्ति के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने सभी ने शपथ ली।

### युवाओं को नशे से बचाना बड़ी चुनौती

उद्घाटन अवसर पर नारकोटिक्स विंग के पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने उपस्थित प्रतिभागी एवं आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में ड्रग्स की समस्या एक बहुआयामी चुनौती पेश करती है और लाखों लोगों का जीवन प्रभावित करती है। हमारे राज्य और देश में नशे का दुष्प्रभाव बढ़ रहा है, उसे रोकने के लिए कानूनी कार्यवाही तो की ही जा रही है, किंतु लोगों में जागरूकता फैलाना भी जरूरी है। इस दिशा में हमारी सोच स्पष्ट है कि जब डिमांड कम होगी तो ड्रग्स की सप्लाई भी प्रभावित होगी। केंद्र और राज्य सरकार दोनों इस दिशा में पूरी शिद्दत से कार्य कर रहे हैं और लगभग प्रतिदिन नशे के अवैध व्यापार में शामिल लोगों की धरपकड़ की जा रही है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश के नागरिकों, मुख्य रूप से युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करना है।

म्यूजियम में भीड़ इतनी कि डिटेक्टर मशीन और सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग एवं जांच

# जिज्ञासा और मनोरंजन का केंद्र बना ट्राइबल म्यूजियम, समृद्ध जनजातीय संस्कृति को जीवंत देखने रोजाना पहुंच रहे सैकड़ों

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय में समृद्ध जनजातीय संस्कृति, जीवनशैली और परंपराओं को जानने, देखने रोजाना सैकड़ों लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। म्यूजियम में सोमवार को अवकाश के दिन छोड़कर बाकी दिन परिवार, दोस्तों के साथ लोग यहां मनोरंजन के साथ-साथ आदिवासी क्षेत्रों को लाइव देखने व उनसे जुड़ी अपनी जिज्ञासा को शांत करने पहुंच रहे हैं। संग्रहालय मॉनिटरिंग अधिकारी निर्मल बघेल के मुताबिक, ट्राइबल म्यूजियम के टिकट काउंटर से रोजाना 500 से अधिक टिकट बिक रहे हैं। रविवार को यह टिकट बिक्री दोगुनी हो जाती है। गुरुवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक 1000 लोगों ने म्यूजियम का विजिट किया। 28 मई से टिकट काउंटर की शुरुआत की गई है। अब तक औसतन 15 हजार से अधिक लोग म्यूजियम देखने आ चुके हैं। म्यूजियम में आने वाले लोगों की भीड़ इतनी है कि डिटेक्टर मशीन व सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग करनी पड़ रही है। ट्राइबल म्यूजियम के टिकट काउंटर से मिली जानकारी के मुताबिक, रोजाना 500 से टिकट काउंटर से बिक्री किए जा रहे हैं।




### अबूझमाड़िया दंपति कर रहे जय जोहार

दर्शक जैसे ही म्यूजियम में प्रवेश करते हैं, द्वार पर अबूझमाड़िया दंपति के बने पुतले पारंपरिक वेषभूषा व वाद्ययंत्रों के साथ आगांतुकों का जय जोहार से स्वागत करते दिखते हैं। अबूझमाड़िया दंपति की महिला जहां पारंपरिक परिधान व आभूषणों में सुतिया, तोड़ा, अइंठी व लुगरा, कलगी, पुरुष को गमछा, बंडी के पहनावे के साथ सिर पर कलगी, हाथ में मांदर वाद्ययंत्र लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहा है।

### मेटल के बने साल, आंवला और सल्फी के पेड़

जनजातीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख पारंपरिक पूजा-आराधना व आर्थिक महत्व के पेड़ों का म्यूजियम के कैंपस व गैलरियों में मेटल की धातु से निर्मित कर प्रदर्शित किया गया है। वहीं खास तरह के मटेरियल्स का उपयोग कर आदिवासी नागरिकों के जीवंत पुतले बनाए गए हैं।

### मुरिया, कोरवा, दोरला जनजातियों का घर-संसार भा रहा

म्यूजियम की गैलरी में मुरिया, कोरवा और दोरला समेत अनेक जनजातियों के घर-संसार को बसाया गया है। जनजातियों के घरों की दीवारों, छप्पर आदि को मिट्टी, खपरा, घास का इस्तेमाल कर वास्तविक रूप दिया गया है। यहां लोग मुरिया, कोरवा और दोरला सहित विभिन्न जनजातियों के जीवनयापन के विविध क्रियाकलाप के जीवंत दर्शन कर रहे हैं। यहां जनजाति वर्ग किस तरह पारंपरिक तौर तरीकों से खेती-किसानी, पशुपालन, जंगल से वनोपज संग्रहित कर अपना जीवनयापन करते हैं। इसे म्यूजियम में देखना लोगों के लिए कल्पना जैसा है।






### बस्तर अंचल के झरने-पहाड़ कर रहे आकर्षित

म्यूजियम की दीवारों पर चित्रकारी से बस्तर अंचल के पहाड़, झील-झरने, नदी, पोखर और जंगल की प्राकृतिक सौंदर्य को जीवंत रूप में उकेरा गया है। जनजातीय क्षेत्रों के इन प्राकृतिक मनोरम दृश्यों को देख म्यूजियम प्रेमी आकर्षित हो रहे हैं। इन चित्रों के माध्यम से समूह मत्स्याखेट करते हुए जनजातीय पुरुषों को दिखाया गया है, जिसे देखने दर्शकों के कदम ठहर जा रहे हैं। म्यूजियम प्रेमी यहां पर कुछ देर ठहरकर बस्तर की वादियों में होने का अहसास कर पा रहे हैं।

### एआई तकनीक से जीवंत बना म्यूजियम

संग्रहालय में 14 प्रकार की विभिन्न गैलरियों में 42 जनजातियों की जीवनशैली व विरासत को डिजिटल और एआई तकनीक का उपयोग कर अधिक आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया गया है, जिसे देखकर आगंतुकों को आदिवासी अंचल की जीवंत अनुभूति हो पा रही है।म्यूजियम में आदिवासियों के भौगोलिक परिवेश, तीज-त्योहार और पर्व-महोत्सव, उनकी अनूठी सांस्कृतिक प्रथाएं, विश्वास और परंपराएं, पारंपरिक घर, रहन-सहन और रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले बर्तन व उपकरणों का प्रदर्शन किया गया है। इसके अलावा शिकार के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक हथियार और औजार, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषणों, कृषि तकनीक, उपकरण, पारंपरिक विधियां, जनजातीय नृत्यों, उनसे जुड़ी कहानियों का मनमोहक प्रदर्शनी म्यूजियम में लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं जनजातीय वाद्ययंत्र उनके पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्रों का संग्रह, पारंपरिक तकनीकें आग जलाने, लौह निर्माण, रस्सी निर्माण, फसल मिंजाई (पौधों से बीज अलग करना) और कत्था निर्माण जैसी पारंपरिक तकनीकों, जन्म, विवाह और मृत्यु संस्कार आदिवासियों के जीवन चक्र से जुड़े महत्वपूर्ण संस्कारों और अनुष्ठानों को जानने-समझने का अवसर म्यूजियम में आकर लोगों को मिल रहा है। एक तरह से कह सकते हैं कि ट्राइबल म्यूजियम बहुत कम समय में लोगों के बीच ज्ञान, मनोरंजन का केंद्र बन गया है।

## सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा शुरू ...



रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा 26 जून से प्रारंभ हुई। फरवरी में हुई प्रारंभिक परीक्षा में जो अभ्यर्थी क्वालीफाई हुए थे, वे ही इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा 26 से 29 जून तक चलेगी। दो पालियों में प्रातः 9 से 12 बजे एवं दोपहर 2 से 5 तक इसका आयोजन हो रहा है। राजधानी रायपुर में मुख्य सेवा परीक्षा के आयोजन के लिए 3 केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम दिवस पहली पाली में 985 अभ्यर्थियों में से 921 तथा द्वितीय पाली में कुल 985 अभ्यर्थियों में से 917 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र मंडल की अनूठी पहल मनाते हैं बुजुर्गों का जन्मदिन

**रायपुर।** घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। महाराष्ट्र मंडल परिवार वर्ष 2018 से वरिष्ठजनों को उनके जन्मदिन पर घर पहुंचकर सम्मानित करता है। इसमें उनके परिजन भी मंडल का साथ देते हुए जन्मदिन को एंजॉय करते हैं। महाराष्ट्र मंडल को भी उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिल जाता है। समिति के प्रमुख श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि जून में 18 वरिष्ठ सदस्यों का जन्मदिन है। इनमें से 15 के घर पहुंचकर उनका जन्मदिन सेलिब्रेट किया गया। हम ऐसे तमाम बुजुर्ग सदस्यों का सम्मान करते हैं, जिनकी आयु 80 वर्ष या इससे अधिक है। वहीं 29 जून को सुनंदा देशमुख का सम्मान किया जाएगा। श्री खंगन ने बताया कि वरिष्ठजनों के सम्मान की कड़ी में ही महाराष्ट्र मंडल द्वारा 15 अगस्त को 'आपुलकी योजना' शुरू की जाएगी।



### इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग से जोड़ेंगे

इस योजना के तहत महाराष्ट्र मंडल के समता कॉलोनी स्थित दिव्यांग बालिका विकास गृह में अलग से पूरी तैयारियों के साथ में बुजुर्गों के मनोरंजन और समय व्यतीत करने के लिए कई सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके तहत बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए टीवी, इंटरनेट, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं, आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा उन्हें इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग के साथ साइबर ठगी को लेकर सजग भी किया जाएगा। दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न विजय निमोणकर ने बताया कि इसकी तैयारी के तहत दिव्यांग बालिका विकास गृह में आपुलकी योजना के लिए पहल की जा रही है।

पालक बच्चों को नियमित दिनचर्या से जोड़ें, हमेशा फैक्ट से बातों को समझाने का करें प्रयास

# परिवार के छोटे-बड़े मसौदे में अभिभावक लें बच्चों की राय, इससे उन्हें सही-गलत का होगा बोध

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बदलते समय के साथ अब बच्चों की परवरिश का स्वरूप भी बदल रहा है। पहले माता-पिता की बात बच्चे आसानी से मान लेते थे। अब परिजनों को बच्चों की पसंद-नापसंद का ध्यान रखना पड़ता है। बेहतर परवरिश के लिए माता-पिता को उनके बचपन से ही व्यवहार पर काम करने की जरूरत है। इससे भी बेहतर व्यक्तित्व, शिक्षा और संस्कार देने का प्रयास किया जाता है। आधुनिकता के दौर में सही देखभाल से बच्चों को बेहतर जीवन दिया जा सकता है। नए माता-पिता के लिए सबसे जरूरी जानकारी का श्रोत है।

हरिभूमि से बातचीत में पैरेंटल काउंसलर्स ने बताया कि अब घर में बड़ों के अलावा बच्चों की राय भी लेनी जरूरी है। बच्चों को बात रखने का मौका दें, ताकि उन्हें सही-गलत की पहचान बचपन से हो सके।

### बच्चों को समझने का प्रयास करें परिजन

काउंसिलिंग के दौरान माता-पिता बच्चों के व्यवहार से परेशान होते हैं, उनका मानना होता है कि बच्चे उनकी बात नहीं मानते। परिजन अपनी राय बच्चों पर थोपने का प्रयास न करें, इन दिनों बच्चे स्वतंत्र रहता अधिक पसंद करते हैं। इस स्थिति में परिजन बच्चों से उनकी मानसिकता के अनुसार बातचीत करें और उन्हें समझें। इससे बच्चे आपस में जुड़ाव महसूस करते हैं और कठिन स्थिति में बड़ों की राय लेना पसंद करते हैं।



### आपसी विवाद से बच्चों को दूर रखें पालक



काउंसलर विकास वर्मा ने बताया कि शरारती बच्चों को संभालना माता-पिता के लिए मुश्किल काम होता है, ऐसे में वह बच्चों की पिटाई या गुस्सा करते हैं। इससे बच्चों में एक समय के बाद कोई प्रभाव नहीं पड़ता। शरारत के दो मुख्य कारण होते हैं, पहला व्यवहार और दूसरा घर का वातावरण।

अक्सर घर के नकारात्मक वातावरण का प्रभाव बच्चों के जीवन पर पड़ता है, इसलिए माता-पिता अपने आपसी विवाद में बच्चों को शामिल न करें। वहीं जो बच्चे पढ़ाई करना पसंद नहीं करते, उन्हें पढ़ाई न करने के नुकसान बताएं। बच्चों को बेहतर उदाहरण के साथ समझाने का प्रयास करें, आधुनिक दौर में बच्चों को फैक्ट बातों पर विश्वास अधिक होता है।

### पढ़ाई, खेल व धार्मिक कार्यों के लिए तय

काउंसलर राशि अग्रवाल ने बताया कि बदलते समय के साथ अब बच्चों की मानसिकता भी बदल रही है। बच्चों की परवरिश के लिए घर का माहौल बेहतर करना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। अगर परिजन चाहते हैं कि बच्चे कम उम्र से ही उनकी बात मानें तो बच्चों की राय लेना अभी से शुरू करें। कम उम्र से ही पढ़ाई, खेल और धार्मिक गतिविधियों के लिए समय निर्धारित करें, इससे उनमें बचपन में सही जीवनशैली का निर्माण होगा। इसका फायदा बच्चों का जीवनभर मिलेगा और वे विषम परिस्थिति में भी मजबूत रह सकेंगे।

## सिटी इवेंट

### अच्छी परवारिश के लिए प्रेरित करेगी 'पैरेंटिंग विथ ए स्माइल'



**रायपुर।** वर्तमान जीवनशैली के बीच माता-पिता कामकाजी होने की वजह से आफिस और बच्चों के बीच समय को लेकर सही तालमेल नहीं बना पाते, इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता है। अभी शहरों में इस तरह की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। ऐसे दौर में बच्चों को अच्छी पैरेंटिंग का एहसास नहीं मिल पाता है। इस विषय को लेकर अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले पांच लेखकों की सोच ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एक हुई और सभी के प्रयास से पैरेंटिंग विथ ए स्माइल की पृष्ठभूमि बनी तथा पुस्तक का विमोचन किया गया। गुरुवार को करीना प्रीतवानी, दिव्य प्रीतवानी, कुदरत आहा, अजीब अजन्य, एलिनोर सिबिल डिक्रूज ने पत्रकारवार्ता के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि माता-पिता किस तरह से बच्चों की भावनाओं से जुड़ सकते हैं। उनकी पसंद-नापसंद को समझ सकते हैं, इसमें भी पुस्तक मदद करेगी।

#### बच्चों की होगी होम स्कूलिंग, कई फ्रेमवर्क

उन्होंने आगे बताया कि हम पुस्तक लेखन का दायित्व निभाने के साथ ही पुस्तक के अनुभव को स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए समग्र शिक्षा से जोड़ने के लिए भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसे प्लेफुल पब्लिकेशन का साथ मिला। इस पुस्तक की मुख्य विशेषता सी-12 फ्रेमवर्क है। इसमें 12 तरह से बच्चों के चहुंमुखी विकास में अभिभावक किस तरह सहभागी बन सकते हैं। इसे छोटे-छोटे लम्हों की तरह संजोया है। करीना और दिव्य प्रीतवानी प्लेफुल की संस्थापक और अनुभवी हैं। एलिनोर सिबिल डिक्रूज ने बच्चों की संवेदनाओं को महसूस करते हुए पुस्तक लेखन में अहम भूमिका निभाई है। पुस्तक छोटे बच्चों को होम स्कूलिंग से जोड़ती है।

## यूथ लाइव

### सेंट्रल इंडिया सीजन-3 में बिखेरा फैशन का जलवा



**रायपुर।** फैशन में रुचि रखने वाली महिलाओं की प्रतिभा को मंच देने ट्रिप्स प्रोडक्शन और सैटिस्फैक्शन इवेंट्स ने इस बार भी प्रयास किया। 'सेंट्रल इंडिया सीजन 3' का आयोजन इस बार 22 जून को होटल सिब्बल ग्रीन में किया था। इसको लेकर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में आयोजक तृप्ति रॉय चौधरी ने बताया कि इस फैशन शो में बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट जानी-मानी अभिनेत्री नवीना बोले शामिल हुई। इनके बीच बतौर हाउस वाइफ घर-परिवार तक सीमित रहने वाली महिलाओं में छिपी प्रतिभा को एक मंच देने का प्रयास किया गया। इसमें रायपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, चिरमिरी जैसे शहरों से प्रतिभागी के रूप में 65 लोग पहुंचे। मुख्य अतिथि के रूप में अमृता सिंह उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि योगेश अग्रवाल, अमरजीत सिंधु ने प्रतिभागियों का हौसला आफजाई की और प्रतियोगिता में किस तरह तैयारी करनी चाहिए, इसकी जानकारी दी।

#### कई केटेगरी में चुने गए विजेता

प्रतियोगिता को कई केटेगरी में विभाजित किया गया था। इनके विजेताओं में मिस केटेगरी में अलीशा मोटवानी विजेता रही। फर्स्ट रनरअप जिया बोस और सेकंड रनरअप जोगलीना टोप्पो रही। मिसेज केटेगरी में रुअल साहू विजेता और फर्स्ट रनरअप ममता सोनवानी के साथ सेकंड रनरअप विनीता साहा को चुना गया। प्लस साइज केटेगरी में पूनम साहू विजेता रही। इस तरह से हर केटेगरी में जो विजेता रहे उनको एक नया मंच मिला। इस तरह की प्रतियोगिता से कई प्रतिभाएं निकली, जो अभी छालीवुड और एलबम के लिए काम कर रही हैं।

## सिटी इवेंट

### नशामुक्त भारत मिशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वक्ता सत्र का आयोजन



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान नशामुक्त भारत मिशन ड्रग फ्री कैंपस अभियान का आयोजन किया गया। वहीं इंटरनेशनल-डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज, इलिसिट ट्रैफिकिंग के अवसर पर जागरूकता सत्र का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति, सामाजिक जीवन और भविष्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने पर जागरूक करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता फैकल्टी इंचार्ज डॉ. जीतेंद्र राउत और कमल सिंह द्वारा किया गया। इस सत्र में एसोसिएट डीन डॉ. मीना मुर्मू, डॉ. सौम्या अग्रवाल और सौ से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। प्रमुख वक्ता के रूपमें बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के मनोचिकित्सा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. निशांत कुमार साहू शामिल हुए।

#### प्रश्नोत्तरी में जन-जागरूकता से संबंधित जानकारी

डॉ. निशांत ने बताया कि नशे की शुरुआत अक्सर साथियों के दबाव, तनाव और चिंता से बचने के स्थिति में होती है, जिन्होंने नशे के विभिन्न कारक और उसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी, कहा कि मारिजुआना के लंबे समय तक सेवन से व्यक्ति वास्तविकता से कट जाता है और जीवन के प्रमुख क्षेत्रों से रुचि खो देता है। कोकीन के सेवन से हृदय संबंधी समस्याएं, जैसे हाई बीपी और कार्डियक अरेस्ट की समस्या देखने को मिलती है। ड्रग्स के सेवन से मानसिक समस्याएं, गर्भपात और अपराध जैसी समस्याओं की संख्या बढ़ने लगी हैं। सत्र के दौरान विद्यार्थी एवं वक्ता द्वारा प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने जीवन से संबंधित कई चुनौतियों के संदर्भ में जानकारी एकत्र की।

---

**राजधानी के विशेष स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की खेल प्रतिभा को मंच देने बालोद जिले में देंगे अवसर**

# मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को ओलंपियाड के लिए तैयार करने खेल शिक्षक बढ़ा रहे आत्मविश्वास

*अब मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोपलवाणी स्कूल और आकांक्षा इंस्टिट्यूट द्वारा उन्हें ट्रेन किया जा रहा है। इससे विशेष ओलंपियाड की तैयारी के साथ वे अपने खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। इस पहल से बच्चों में आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ाने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित स्पोर्ट्स टीचर्स से पारंगत कराया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन का मत है कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उनको आगे बढ़ाने के लिए सही दिशा और प्रेरणा की जरूरत हैं।*





### बच्चों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास

आकांक्षा इंस्टिट्यूट की प्राचार्य शीला पिल्ले ने बताया कि छात्र की प्रतिभा के अनुसार उन्हें खेल सिखाया जाता है। खेल अभ्यास शुरू करने से पहले माता-पिता और बच्चों को समझाया जाता है, उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। बच्चों को समझाने के लिए उनके मानसिक स्थिति को समझने का प्रयास किया जाता है, जिसके पश्चात मजेदार और अनोखे अंदाज में खेल की जानकारी दी जाती हैं। खेल के दौरान जब बच्चे मैदान में उतरते हैं तो वह दुनिया को दिखाते हैं कि वे अन्य बच्चों से कम नहीं हैं। ओलंपियाड की तैयारी उनके लिए एक मंच है, जहां वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकते हैं।

### प्रशिक्षक पैरालंपिक के लिए तराश रहे प्रतिभा

उन्होंने बताया कि 2024 में दो छात्र नेशनल के लिए चुने गए थे। इसमें ईवा नंद ने मेडल हासिल किया था। नई दिशा में बच्चों को बढ़ावा देने के लिए पैरालंपिक की तैयारी भी कराई जाती हैं। अब तक 20 से अधिक छात्रों को क्षेत्रीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिला है। कोपलवाणी स्कूल की प्राचार्य पद्मा शर्मा ने बताया कि बच्चों को पैरालंपिक की तैयारी कराने के लिए प्रशिक्षक स्कूल में मौजूद हैं। हर बच्चा अनोखे हुनर के साथ जन्म लेता है, उन्हें खोजना और निखारना प्रशिक्षकों का काम है। इसे वे खेल के तय मानकों के तहत तैयार करने के लिए नियमित अभ्यास भी कराते हैं।



**रायपुर।** शहर में अब हर तरह से बेहतर पहल हो रही है। यहां तक मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को भी सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पहल से बच्चों में इच्छाशक्ति भी बढ़ेगी और इससे पालकों को भी सकारात्मक सोच मिलेगी। इस प्रेरणा से परिजन भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयास करेंगे। इस तरह की व्यवस्था बच्चों को बेहतर बनाने पर जोर देने के लिए बनाई गई हैं। हरिभूमि से चर्चा में स्कूल प्रबंधकों ने बताया कि फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉलिंग जैसी कई प्रतियोगिताएं विशेष ओलंपियाड में शामिल हैं। इसमें हिस्सा लेने से पहले स्थानीय, राज्य स्तरीय और इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली स्पर्धा तक पहुंचाने के लिए आयोजन भी किया जाता है। इसमें जो प्रतिभागी विजेता बनते हैं, उन्हें आगे बढ़ाया जाता है।

### बालोद में होगी प्रतियोगिता शामिल होंगे 12 छात्र

मानसिक रूप से कमजोर छात्रों को सिखाना किसी भी प्रशिक्षक के लिए बड़ी चुनौती होती है। सामान्य बच्चों को जो चीजें 5-10 बार में सिखाई जा सकती हैं, वही विशेष छात्रों को सौ बार समझाना होता है। आकांक्षा इंस्टिट्यूट की प्रबंधक शीला पिल्ले ने बताया कि बीते कुछ सालों में माता-पिता छात्रों के बेहतर भविष्य को लेकर सजग हुए हैं। उन्होंने मानसिक रूप से बच्चों का मनोबल बढ़ाने का भी प्रयास किया है। इस साल बॉलिंग, थ्रो बॉल, बैडमिंटन जैसे खेल स्थानीय स्तर बालोद जिले में होंगे। इसके लिए 12 बच्चों की टीम खेलने जा रही है। इनमें से विजेता प्रतिभागियों को नेशनल लेवल पर खेलने का मौका मिलेगा।

### बच्चों और माता-पिता की काउंसिलिंग

फिजियोथेरेपिस्ट व काउंसलर डॉ. हर्षल छाजेड़ ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को भावनात्मक रूप से समझाने का प्रयास किया जाता है। ओलंपियाड की तैयारी शुरू करने से पहले कई परिजन सलाह के लिए शामिल होते हैं, जिन्हें ओलंपियाड से संबंधित जानकारी दी जाती है। शारीरिक और मानसिक विकास के लिए प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना सभी के लिए फायदेमंद होता है, इससे बच्चे का मनोबल बढ़ता है।

---

# वरघोड़ा में साधु-साध्वी का होगा प्रवचन, आदर्श जीवन जीने की देंगे सीख और निभाएंगे परंपरा

**रायपुर।** शहर के पचपेड़ी नाका स्थित तिरुपति अपार्टमेंट से शुक्रवार को सुबह साढ़े 7 बजे इस साल भी वरघोड़ा का आगाज होगा, जो पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड होते हुए नाकोड़ा भैरव सोसायटी में श्री विमलनाथ जैन मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। सभी के लिए नवकारसी की व्यवस्था जयराज और शिवराज वैद परिवार की ओर से की गई है। स्वामी वत्सल की व्यवस्था हीरसुरी भवन में ट्रस्ट ने किया है। भावोल्लास चातुर्मास समिति द्वारा आयोजित चातुर्मास के दौरान ज्येष्ठपर्यायी मुनिराज जयपाल विजय, प्रियदर्शी विजयजी, प्रेम विजयजी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। साध्वीवर्या अक्षयनिधिश्रीजी आदि का सानिध्य मिलेगा। प्रवचन में भी श्रावक एवं श्राविकाओं को सतक प्राप्त होगा।



### प्रवचन का मिलेगा लाभ, होंगे आयोजन

समिति के सचिव रवि डोसी एवं कोषाध्यक्ष मूलचंद लुंकड़ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपाध्याय प्रवर महेंद्रसागर, मनीषसागर सहित भगवंतों का चातुर्मास प्रवेश होगा। इसको लेकर श्री संघों में उत्साह का माहौल है। सभी मुनिश्री इस दौरान धर्म, आध्यात्म पर प्रवचन देंगे। इसमें लोगों को आदर्श जीवन कैसे जिएं सहित अन्य ज्ञान एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस आयोजन को उत्सव का रूप देने के लिए श्रीसंघ ने सभी तरह की तैयारी पूरी की है। चातुर्मास के दौरान होने वाले आयोजनों के लिए भी सभी को जिम्मेदारी बांटी गई है। हर दायित्व को टीमवर्क से पूरा करने के लिए युवाओं के साथ ही महिला विंग को भी अहम कार्य दिए गए हैं।

### चातुर्मास में हर रविवार पारिवारिक प्रवचन

न्यू राजेंद्र नगर स्थित जैन मंदिर में गुरुवार को गुरु भगवंतों का मंगल प्रवेश हुआ, जिनके स्वागत में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सहजानंदी चातुर्मास का आयोजन 5 जुलाई से नित्य आराधना के साथ प्रारंभ होगा। वर्धमान नगर में सुबह 5 से 8 बजे राई प्रतिक्रमण, 8 से 7 बजे धार्मिक क्रियाओं का प्रायोगिक परीक्षण होगा। वहीं टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में सुबह 8 से 9 बजे स्वाध्याय और 9 से 10 बजे आध्यात्मिक जीवन विकास पर आधारित प्रवचन होगा, जिसके बाद वर्धमान नगर में दोपहर 3 से 4 बजे स्वाध्याय और शाम 6.45 से 8 बजे तक देवसी प्रतिक्रमण किया जाएगा। चातुर्मास के प्रत्येक रविवार को पटवा भवन में सुबह 9 से 10.45 बजे तक विशेष पारिवारिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

---

# डॉ. हेलन केलर की 146वीं जयंती पर पूर्व छात्रों का मिलन समारोह आज

**रायपुर।** दृष्टि एवं श्रवणबाधित विद्यालय मठपुरैना में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया है। यह आयोजन डॉ. हेलन केलर की 146वीं जयंती 27 जून के अवसर पर रखा गया है। इस अवसर पर पूर्व छात्रों सहित उनके परिजन भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। इसके अलावा पूर्व छात्र मिलन समारोह के अलावा 28 जून को पर्यटन स्थल भ्रमण का प्रोग्राम रखा गया है। दृष्टि एवं श्रवणबाधित विद्यालय मठपुरैना के शिक्षक महेंद्र साहू ने बताया कि 27 जून को विद्यालय में दृष्टि एवं श्रवणबाधिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाली डॉ. हेलन केलर की 146 वीं जयंती मनाई जाएगी। वहीं पूर्व छात्रों का मिलन समारोह वर्ष-2025 का आयोजन व भ्रमण का दो दिवसीय कार्यक्रम विद्यालय में रखा गया है। मिलन समारोह का शुभारंभ सुबह 10 बजे से शुरू होगा। वहीं 11 से 2 बजे तक विभिन्न प्रतिभागियों का परिचय सत्र आयोजित होगा। शाम 4 से 6 बजे तक दृष्टिबाधितों से संबंधित नवीन टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला होगी और शाम 6 से 8 बजे तक प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

### राजिम और चम्पारण भ्रमण

पूर्व छात्रों व उनके परिजनों को 28 जून को राजिम व चंपारण पर्यटन स्थल का भ्रमण कराया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में राज्य से लगभग 150 से 200 दृष्टिबाधित पूर्व छात्र एवं उनके परिजन सम्मिलित होने जा रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन शास. दृष्टि एवं श्रवणबाधितार्थ विद्यालय रायपुर व दृष्टिबाधित छग विकास संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

---

**राजधानी के श्री जगन्नाथ मंदिरों में आयोजकों ने बनाई रथयात्रा की रूपरेखा, वॉलंटियर्स भी देंगे सेवा**

# नेत्रोत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़, रथ पर सवार होकर दर्शन देने निकलेंगे प्रभु जगन्नाथ भगवान

**कार्नर न्यूज**

*रायपुर। शहर के सभी श्री जगन्नाथ मंदिरों में नेत्रोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इससे गायत्री नगर में जगन्नाथ मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ के चलते गुलजार रहा। समिति के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा के मार्गदर्शन में विधि-विधान से नेत्रोत्सव का विधान किया गया। इसके चलते दिनभर उत्सव का माहौल रहा। भगवान जगन्नाथ के एकांतवास में जाने से दर्शन के लिए भक्तों की आवाजाही शुभ चिंतक की तरह रही। जिस तरह से अपनों की तबीयत खराब होने पर लोग सुध लेने आते हैं। कुछ उसी तरह मंदिर में लोग जाते थे। गुरुवार को नेत्रोत्सव की परंपरा का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। वहीं समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को निकलने वाली रथयात्रा के लिहाज से तय व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। वहीं सुबह 7 बजे से विधि-विधान से स्नान पूजा के साथ दोपहर तक पूजा-अनुष्ठान होगा।*



### राज्यपाल, सीएम, विस अध्यक्ष भी होंगे शामिल

शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन अलग-अलग रथों पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, सीएम विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित मंत्री, विधायक भी इसका हिस्सा बनेंगे। मुख्य आयोजन का हिस्सा बनने के लिए इस साल भी हजारों की तादाद में भक्त सपरिवार पहुंचेंगे। इससे पहले रथ और मार्ग सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित सभी तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। विधायक श्री मिश्रा ने बताया कि इस बार व्यवस्था बहाली में सहयोग के लिए वालंटियर्स को भी सेवा का दायित्व दिया है।

### 2 बजे निकलेगी भव्य रथयात्रा, होगा स्वागत

इसी श्रृंखला में सदरबाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर के साथ ही टूरीहटरी और अश्वनी नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में नेत्रोत्सव का उत्साह दिनभर रहा। लोग परिवार के साथ इस अवसर पर भगवान के सामने अपनी मन्नत भी रखते हैं। इसके चलते भगवान के दरबार में भक्तों की भीड़ दिनभर रही। मंदिर से जुड़े मोहित पुजारी, तिलक दास ने बताया कि भगवान के भक्तों को प्रसाद वितरण के लिए उसकी व्यवस्था से जुड़े लोगों ने टीमवर्क शुरू किया है। रथयात्रा दोपहर 2 बजे के बाद धूमधाम से भक्तिमय माहौल में निकलेगी। संस्थाओं ने जिस रूट से भगवान की सवारी निकलेगी, वहां स्वागत के लिए मंच भी सजाने की तैयारी में है।



### विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने किया नियम

नेत्रोत्सव के दौरान श्रद्धा और उल्लास के बीच वैदिक परंपराओं के साथ मंत्रोच्चार की गूंज रही। मंदिर में 15 दिवसीय 'अनवसर काल' की पूर्णता पर जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को पंचामृत से स्नान कराने के बाद 'नेत्रान्जन' विधि की गई। इसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार, विशेष वेदपाठ, महाआरती, संकल्प पूजा, भजन-कीर्तन एवं महाप्रसाद प्राप्त किया। आयोजन का सफल संचालन श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि यह दिन भगवान के 'पुनः दर्शन' का प्रतीक है।




# जगन्नाथपुरी - धरती पर वैकुंठ का अनुभव

पद्मपुराण के अनुसार, आषाढ़ माह की शुक्लपक्ष द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के लिए विशेष प्रकार के रथ तैयार किए जाते हैं। हिन्दू धर्म के चार प्रमुख धामों में से एक जगन्नाथपुरी का स्थान अत्यंत पवित्र और विशिष्ट माना जाता है। यह धाम भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण को समर्पित है और इसे धरती का वैकुंठ कहा जाता है, क्योंकि मान्यता है कि स्वयं भगवान विष्णु यहां निवास करते हैं और भक्तों को साक्षात दर्शन देते हैं।रथयात्रा से जुड़ी एक लोककथा के अनुसार, एक बार माता यशोदा श्रीकृष्ण से नाराज़ होकर उन्हें घर से बाहर निकाल देती हैं। तब भाई बलराम और बहन सुभद्रा उन्हें मनाने आते हैं, और तीनों एक रथ पर सवार होकर भ्रमण पर निकल पड़ते हैं। इसी घटना की स्मृति में रथयात्रा की परंपरा की शुरुआत मानी जाती है।जगन्नाथ मंदिर से जुड़ी मान्यता भी अत्यंत रोचक है। कहा जाता है कि देवता स्वयं अपने प्रिय भक्तों के साथ समय बिताने के लिए इस मंदिर में निवास करते हैं। यह भी विश्वास किया जाता है कि भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से इस भूमि का शुद्धिकरण किया था। एक अन्य मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण के प्रपौत्र ब्रजव ने इस स्थान पर एक वटवृक्ष के नीचे नीले रंग की दिव्य मूर्ति देखी थी। इस मूर्ति की पूजा जनकपुर के राजा इंद्रद्युम्न ने की और यहीं भगवान जगन्नाथ का भव्य मंदिर बनवाया गया।जगन्नाथपुरी न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक भी है। यहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से आकर रथयात्रा में भाग लेते हैं। विशालकाय रथों को खींचने का सौभाग्य पाना एक दिव्य अनुभव माना जाता है। यह यात्रा केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि भक्तों के विश्वास, सेवा और समर्पण की जीवंत झलक है।यहां की रथयात्रा सामाजिक समरसता और जन-भागीदारी का अनुपम उदाहरण है। जाति, वर्ग, भाषा या देश की सीमाएं यहां मिट जाती हैं और हर कोई केवल "भक्त" बन जाता है। भगवान जगन्नाथ की महिमा यह है कि वे सभी को समान दृष्टि से देखते हैं — इसीलिए उन्हें "जग के नाथ" कहा जाता है।वास्तव में, जगन्नाथपुरी एक ऐसा तीर्थ है, जहाँ हर आगंतुक आत्मिक शांति, भक्ति और ब्रह्मानंद का अनुभव करता है। यह स्थान श्रद्धा, परंपरा और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम है।







## जगन्नाथ रथयात्राः आस्था, परंपरा और भक्ति का भव्य उत्सव

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज न केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी आस्था का प्रतीक बन चुकी है। यह यात्रा देश के सबसे विशाल धार्मिक आयोजनों में गिनी जाती है। कभी यह उत्सव सीमित लोगों तक ही जाना जाता था, परंतु अब यह भव्य परंपरा देश-विदेश में लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। प्रमुख हिन्दू धार्मिक चैनलों के साथ-साथ अनेक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय समाचार माध्यमों द्वारा इसका सीधा प्रसारण किया जाता है, जिससे यह रथयात्रा हर कोने तक पहुँचती है। श्रद्धालु अपने विश्वास, भक्ति और अध्यात्म में डूबकर इस महायात्रा में शामिल होते हैं और जीवन भर के लिए इसे एक दिव्य अनुभव के रूप में संजो लेते हैं।
























## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में गत दिनों लायंस क्लब सीनियर रायपुर के वर्ष 2025-26 के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शपथ अधिकारी पीजी लायन एमजेएफ अमरजीत दत्ता ने अध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल, सचिव लायन दीपक सिन्हा और कोषाध्यक्ष लायन दिवाकर अवस्थी को शपथ दिलाई। यह जानकारी क्लब के संस्थापक डॉ. निरंजन हरितवाल ने देते हुए बताया कि रायपुर के सभी लायंस क्लबों से उपस्थित पूर्व अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों (पीएसटी) ने समारोह की शोभा बढ़ाई और नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन रिपुसूदन पुंसरी के अलावा विशिष्ट अतिथि लायन सुनील रामदास अग्रवाल, अन्य विशिष्ट अतिथियों में आरसी लायन संतोष गुप्ता, आरसी डीआर वाधवानी, अध्यक्ष तथा जोन चेयरपर्सन लायन अशोक अग्रवाल शामिल हुए।

### चैंबर भवन में आज एमएसएमई महोत्सव

**रायपुर।** छतीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आईसीएआई के संयुक्त तत्वावधान में बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में 27 जून को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस के मौके पर एमएसएमई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अपनी तरह के इस अनूठे आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग सचिव रजत कुमार होंगे। विशिष्ट अतिथि सिडबी के सीईओ प्रभात मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन का मुख्य मकसद प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को सशक्त बनाना है। इस आयोजन में इन उद्यमों को एक मंच प्रदान किया जायेगा, जहां वे अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही नए व्यवसायिक संबंध स्थापित कर सकेंगे। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया यह महोत्सव एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें बाजार की चुनौतियों का सामना करने और विकास के नए रास्ते खोजने में मदद करेगा।

### विप्र कॉलेज में दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस आज से

**रायपुर।** विप्र कॉलेज के सभागार में दो दिवसीय 27 से 28 जून तक नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस कांफ्रेंस का विषय शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर के शिक्षण विभाग एवं कंप्यूटर विभाग द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे प्रारंभ होगा। विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में रविवि कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शासकीय केआरडी महाविद्यालय नवागढ़, बेमेतरा के डॉ. गिरीशकांत पाण्डेय एवं महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी होगे। उद्घाटन समारोह के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. अमितेष झा (सहायक प्राध्यापक गुरु घासीदास विवि बिलासपुर) एवं द्वितीय सत्र के वक्ता डॉ .थीयागु सूर्या (सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग सेंट्रल विवि कर्नाटक) होंगे। इसके बाद तृतीय सत्र में प्रतिभागी शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे।

### एमएससी भूगोल के पुनर्गणना परिणाम जारी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एमएससी भूगोल प्रथम सेमेस्टर के पुनर्गणना परिणाम जारी कर दिए गए हैं। बीफॉर्मेसी सप्तम सेमेस्टर के भी पुनर्गणना परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इसके अलावा बीए सहित कई अन्य विषयों के उन छात्रों के परिणाम जो विभिन्न कारणों से रोके गए थे, गुरुवार को घोषित किए गए। छात्र रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नतीजे देख सकते हैं।

# शहर में लाएंगे आत्मनिर्भर वार्ड का कांसेप्ट, नालियां होंगी कवर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इंदौर शहर में 2 दिवसीय अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम से लौटकर महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को मीडिया से अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा, रायपुर शहर को इंदौर की तरह साफ-सुथरा बनायेंगे।

शहर की खुली नालियों को शत-प्रतिशत कवर्ड किया जायेगा, ताकि लोग नालियों में कचरा न फेंक सकें और बरसात में नाले-नालियां जाम न हों। इसकी शुरुआत हम एक वार्ड से करेंगे। महात्मा गांधी सदन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए महापौर मीनल चौबे ने कहा कि इंदौर में हमने देखा कि वहां ज्यादातर नालियां कवर्ड हैं। इससे नालियों में कचरा नहीं जाता। वहां एक भी मच्छर नहीं है। यहां पर खुली नालियां होने से मच्छर भी पनप रहे हैं और लोग नालियों में कचरा डालने से नहीं चूकते। इससे नालियां जाम हो जाती हैं और बारिश के समय नाले-नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। इसीलिए हम यहां कुछ करना चाहते हैं। यहां की नालियों को वार्ड वाइज कवर्ड किया जायेगा।

अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि इंदौर में एक ऐसा वार्ड भी है, जहां के लोग अपने यहां निकलने वाले कचरे का प्रबंध अपने ही वार्ड में करते हुए उस कचरे से खाद बनवा रहे हैं। इसे उन्होंने आत्मनिर्भर वार्ड का नाम दिया है, यह हमें अच्छा लगा, इस कंसेप्ट को रायपुर शहर में लाएंगे। सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से अवगत कराने स्वयंसेवी संस्था की महिलाओं को जिम्मा दिया जाएगा।

### इंदौर भ्रमण से लौटीं महापौर मीनल चौबे ने मीडिया से साझा किए अनुभव



पत्रकारों से चर्चा करते हुए महापौर मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर नगर निगम वर्तमान आउटसोर्सिंग के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन करेंगे जो ठेका कंपनियों के कार्यों की नियमित निगरानी करेगी। नगर निगम के प्रत्येक जोन में नए कचरा ट्रांसफर स्टेशन, सेकंडरी कलेक्शन पाइंट के लिए सर्वे कर शासन से राशि की मांग की जाएगी, ताकि शहर में व्यवस्थित तरीके से कूड़ा का प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने बताया कि शहर का वार्ड मैप प्लान तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड के नाला-नाली, सड़क, उद्यान, तालाब, शासकीय भवन, सामुदायिक भवन, बीएसयूपी परिसर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रसाधन व्यवस्था के अलावा नगर निवेश विभाग द्वारा स्वीकृत कालोनियों सहित अवैध कालोनियों की जानकारी वार्ड मैप में दी जाएगी। यह कार्य वास्तुविदों के माध्यम से वार्ड पार्षदों से समन्वय बनाकर जोन अभियंताओं की टीम द्वारा किया जा रहा है। वार्ड डेवलपमेंट प्लान और सिटी डेवलपमेंट से शहर का समग्र विकास करने में आसानी होगी।

## एक ही परिवार के तीन लोगों पर जानलेवा हमला, 10-10 वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व एक ही परिवार के तीन लोगों पर चाकू, डंडे से जानलेवा हमला करने के आरोप में कोर्ट ने तीन बदमाशों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई।

- घर के सामने पेशाब करने से मना करने पर नाराज बदमाशों ने घर घुसकर की थी मारपीट

अतिरिक्त लोक अभियोजक विजय कुमार यादव के अनुसार कोर्ट ने कमल यादव, राजा शुक्ला उर्फ छोटू तथा रज्जू यादव को कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के अनुसार 20 अगस्त 2022 को दही हांडी फोड़ के दौरान कमल यादव तथा उसके साथी हरपाल शर्मा के घर के सामने पेशाब कर रहे थे। विरोध करने पर देख लेने की धमकी देते हुए दूसरे दिन 21 अगस्त को कमल अपने दो साथी के साथ दो अन्य नाबालिगों के सहित चाकू, डंडे से लैस होकर हरपाल के घर जबरन प्रवेश कर गया और पप्पू शर्मा के साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आने पर घर के अन्य सदस्य हरपाल तथा कमलेश शर्मा को चाकू मारकर घायल कर मौके से फरार हो गए थे।

### संलग्नीकरण समाप्त करने आदेश

**रायपुर।** शिक्षा संभाग द्वारा आदेश जारी कर संलग्नीकरण समाप्त करने आदेश दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक, सभी तरह के संलग्नीकरण 5 जून से समाप्त माने जाएंगे। रायपुर शिक्षा संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा गया है। 27 जून तक संलग्नीकरण समाप्ति का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

### आपातकाल स्मृति दिवस पर सम्मानित हुए लोकतंत्र सेनानी

# साय ने कहा- लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। आज हम लोकतंत्र की फिजा में जिस आज़ादी का अनुभव कर रहे हैं, उसकी कीमत आपातकाल के दौरान कुछ लोगों ने यातना, अपमान और जेलों में समय काटकर चुकाई थी। इन लोकतंत्र सेनानियों की पीड़ा और संघर्ष को हर पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

मख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र विरोधी ताकतों से सावधान रहने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को बेड़ियों में जकड़कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। यह सब स्वतंत्र भारत में हुआ, लेकिन उस अमानवीयता ने अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की याद दिला दी। आपातकाल के दौरान असहनीय कष्ट सहने वाले लोकतंत्र सेनानी आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने श्री सच्चिदानंद उपासने द्वारा लिखित पुस्तक 'वो 21 महीनेः आपातकाल' का भी विमोचन किया।



#### लोकतंत्र सेनानियों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ होगी

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान राशि देने की शुरुआत की थी, जिसे पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया। हमारी सरकार ने न केवल यह सम्मान राशि पुनः प्रारंभ की, बल्कि पूर्व सरकार द्वारा रोकी गई पिछले पांच वर्षों की बकाया राशि का भी भुगतान किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब लोकतंत्र सेनानियों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ की जाएगी और उनके परिजनों को 25,000 की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, विधानसभा में एक अधिनियम पारित कर यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में कोई भी सरकार इस सम्मान योजना को समाप्त न कर सके।

#### इसे हर नागरिक तक पहुंचाना आज की पीढ़ी की जिम्मेदारी : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में आपातकाल की भयावहता और लोकतंत्र सेनानियों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आपातकाल के 21 महीनों की प्रताड़ना और लोकतंत्र पर हुए आघात को देश के हर नागरिक तक पहुँचाना आज की पीढ़ी की ज़िम्मेदारी है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि आज मीसाबंदी आंदोलन के सहभागी और उनके परिजन हमारे बीच हैं। उन्होंने आपातकाल को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि उस समय पूरे देश को एक विशाल जेल में बदल दिया गया था। लोकतंत्र के स्तंभ- न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और मीडिया को निष्क्रिय कर दिया गया था।

#### ये थे मौजूद

इस अवसर पर पवन साय और लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक मोतीलाल साहू, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नन्द कुमार साहू, लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## मेयर, अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन, छत्तीसगढ़ से शामिल होंगे 11 पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगरीय निकायों के मेयर और अध्यक्षों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम हरियाणा में रखा गया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 11 निकायों के मेयर-अध्यक्ष नामांकित किए गए हैं। भारत की संसद द्वारा हरियाणा विधानसभा के सहयोग से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगरीय निकायों के मेयर-अध्यक्षों के लिए संविधानात्मक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण को सदृढ़ करने में नगरीय निकायों की भूमिका विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन किया जा रहा है।

- हरियाणा के गुरुग्राम में 3-4 जुलाई को आयोजन

#### छत्तीसगढ़ से ये पदाधिकारी हुए नामांकित

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के 11 निकायों के मेयर-अध्यक्ष को नामांकित किया गया है। इनमें नगर निगम रायगढ़ जीवर्धन चौहान, नगर निगम अंबिकापुर से मंजूषा भगत, दुर्ग निगम से अल्का बाघमार, नगर पालिका रतनपुर से लवकुश कश्यप, नगर पालिका लोरमा से सुजीत वर्मा, नगर पालिका जशपुर से अरविंद भगत, नगर पालिका दंतेवाड़ा से पायल गुप्ता, नगर पंचायत बिल्हा से वंदना जेण्ड्रे, नगर पंचायत लखनपुर से सावित्री साहू, नगर पंचायत नई लेदरी से विरेंद्र सिंह राणा, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर से निखिल सिंह राठौर शामिल हैं।

#### लोकसभा महासचिव ने जारी किया ये पत्र

इस आयोजन के संबंध में लोकसभा महासचिव द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि स्थानीय निकाय हमारे शासन वास्तुकला के आधारभूत स्तंभों के रूप में हमारी लोकतांत्रिक राजनीति के महत्वपूर्ण आधार के रूप में कार्य करते हैं। भारत की संसद ने सर्वोच्च निर्वाचित निकाय के रूप में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों को हमारे संवैधानिक योजना में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका और महत्व तथा आधुनिक समय की चुनौतियों के आलोक में आगे बढ़ने के तरीके के बारे में अपने विचार और राय साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने की पहल की है।

## फरार तोमर भाइयों का पता बताने वाले को मिलेगा पांच हजार रुपए इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूदखोरी, अवैध वसूली, मारपीट सहित कई गंभीर धाराओं में फरार बदमाश वीरेंद्र तथा रोहित तोमर की सूचना देने वाले के लिए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने पांच हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस को आशंका है कि फरार बदमाश फरारी के दौरान किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसीलिए उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने इनाम की घोषणा की है।



तोमर भाइयों की तलाश में जुटी पुलिस, नहीं मिला अब तक किसी प्रकार का सुराग
तोमर ब्रदर्स ने सूदखोरी और वसूली के लिए पाले थे 37 गुंडे, इनमें से 25 गायब

- सूदखोरी के साथ जबरन उगाही करने वाले तोमर भाइयों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज है

पुलिस के अनुसार रोहित तोमर के खिलाफ पिछले महीने एक कारोबारी ने तेलीबांधा थाने में मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति ने वीरेंद्र, रोहित तथा उनके एक भतीजा के खिलाफ दिए गए कर्ज के मूलधन से ज्यादा की रकम ब्याज के रूप में वसूलने के साथ पैसा नहीं देने पर जान से मारने सहित धमकी देने की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में पांच जून को रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस तोमर भाइयों के घर छापा मारने पहुंची, तो तोमर भाई घर पर नहीं मिले। घर की तलाशी के दौरान लाखों रुपए लेन-देन के दस्तावेज के साथ लाखों रुपए कैश, ज्वेलरी के साथ पुलिस को कई प्रापर्टी के पेपर मिले। साथ ही तलवार, पिस्टल के साथ पुलिस ने तोमर भाइयों के घर से बुलेट जब्त की थी।

## सभापति सूर्यकांत ने अधिकारियों को वार्ड निरीक्षण, सफाई व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम सभापति एवं जोन 2 के पदेन अध्यक्ष सूर्यकांत राठौड़ ने गुरुवार को जोन कार्यालय में वार्ड पार्षदों और अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक ली। सभापति श्री राठौर ने जोन के अधिकारियों को पार्षदों के साथ प्रतिदिन वार्डो का निरीक्षणकर सफाई व्यवस्था सुधारने निर्देश दिए हैं।

बैठक में मौजूद पार्षदो से उन्होंने अपील की कि वे अपने वार्डो को साफ-सुथरा रखने वार्ड का निरीक्षण नियमित रूप से करते रहें। अधिकारियों से समन्वय बनाकर व्यवस्था सुधारने का कार्य करवाये। सभापति ने जोन के सभी वार्डो में बारिश सीजन में स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सुचारू बनाने निगम मुख्यालय विद्युत विभाग को आवश्यक प्रस्ताव देकर कार्यवाही जनहित में करने के निर्देश दिये। सूर्यकांत राठौड़ ने कार्यादेश के बाद भी स्वीकृत विकास कार्य वार्डो में पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अनुबंधित ठेकेदार को अंतिम नोटिस देकर कार्य नहीं करने पर नियमानुसार ठेका निरस्त करने संबंधी निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। सभापति ने जोन 2 के 7 वार्डों के सभी खाली भूखण्डो के स्वामियों को नोटिस देकर उनसे उनके व्यय पर खाली भूखण्ड में शीघ्र बाउंड्रीवाल बनवाने की हिदायत दी, ताकि खाली भूखण्ड में लोग कचरा व गंदगी ना डाल सकें। नगर निगम राजस्व विभाग को संपत्तिकर अदा ना करने वालो को निगम जोन 2 क्षेत्र में सूचीबद्ध कर उन्हें शीघ्र निगम को संपत्तिकर का भुगतान करने की समझाइश देने की हिदायत दी।

- पार्षदों से अपील- अधिकारियों सहित प्रतिदिन सुबह वार्डो का निरीक्षण करें

#### स्वास्थ्य विभाग सलाहकार समिति की बैठक



महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग सलाहकार समिति की बैठक विभाग की अध्यक्ष गायत्री- सुनील चंद्राकर ने ली। बैठक में रायपुर निगम क्षेत्र के नाले, नालियों की सफाई जेसीबी मशीन एवं अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाकर करवाने के निर्देश दिए। एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर ने शहर को मच्छर मुक्त बनाने ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करने का सुझाव दिया है। सलाहकार समिति की बैठक में बारिश के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष सतर्कता के साथ शहर में जलभराव की समस्या पर नजर रखने की हिदायत दी। बैठक में सदस्य के रूप में जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 7 श्वेता विश्वकर्मा, जोन 8 प्रीतम सिंह ठाकुर, श्री मनोज जांगड़े, आशु चंद्रवंशी, कृतिका जैन, स्वप्निल मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडु सहित सभी जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चिकित्सा शिक्षा भर्ती में भाजपा सरकार की नीयत में खोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कॉलेजों में अप्रवासी भारतीय कोटे की सीटें बेचने का षडयंत्र

चिकित्सा शिक्षा भर्ती में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना और छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कॉलेजों में अप्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सक्रिय हैं। पूरा स्वास्थ्य विभाग मोटे कमीशन के लालच में ठेके पर चलाया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार में निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्रता जो उच्च न्यायालय बिलासपुर और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय की गई, जिस प्रक्रिया और गाइडलाइन का पालन होना चाहिए, नहीं किया जा रहा है। अप्रवासी भारतीय कोटे में भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग के 13 अक्टूबर 2024 के पत्र क्रमांक 17-37/2024/55 के द्वारा इस संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय से भी अभिमत भेजा गया था, लेकिन सरकार के संरक्षण में फर्जीवाड़ा बंद नहीं हुआ, इस वर्ष फिर वही खेल शुरू है। सरकार की मंशा पात्र अभ्यर्थियों को लाभ देने के बजाय गलत तरीके से मेडिकल की सीट बेचने की है।

#### काउंसिलिंग से पहले करें नियमों में बदलाव

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि निजी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के संदर्भ में केंद्रीय अधिनियम ने स्पष्ट किया है कि प्रवासी भारतीयों की श्रेणी की सीटें प्रमाणित करने के लिए समुचित वंशावली, प्रमाणपत्र, परिभाषा एवं श्रेणी के अनुसार प्रवेश देने के निर्धारित तिथि तक गाइडलाइन के अनुसार ही नीट उत्तीर्ण विद्यार्थी मेरिट क्रम में अप्रवासी भारतीय छात्रों को प्रवेश देने की व्यवस्था है। एनआरआई कोटे के अंतर्गत आने वाले नीट उत्तीर्ण विद्यार्थी उपलब्ध न होने पर मुक्त (ओपन) श्रेणी मेरिट के अनुसार विद्यार्थियों को प्रवेश देना पड़ेगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सरकार और कुछ निजी मेडिकल कॉलेज मिलकर प्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे की सीट बेचने का षडयंत्र रच रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### बीआईएस रायपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) रायपुर शाखा कार्यालय में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्तर विकास को बढ़ावा देना और हिंदी साहित्य की विविध रूपरेखाओं को समझाना था। कार्यशाला का उद्घाटन बीआईएस रायपुर के निदेशक एवं प्रमुख सुमन कुमार गुप्ता ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजभाषा के रूप में हिंदी न केवल हमारी पहचान है, बल्कि यह प्रशासनिक कार्यों की प्रभावशीलता भी बढ़ाती है। उन्होंने बीआईएस रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिंदी के प्रति दिखाई जा रही सक्रियता और रुचि की सराहना करते हुए, दैनिक कार्यों में अधिकाधिक हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

### मिरैकल्स क्लीनिक में स्वर्णप्राशन संस्कार आज

**रायपुर।** शंकरनगर चौपाटी के पास स्थित मिरैकल्स डेंटल एवं पाइल्स क्लीनिक में आज पुष्य नक्षत्र में स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। पुष्य नक्षत्र के योग में स्वर्णप्राशन कराना अत्यंत लाभकारी होता है, जो बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।



मिरैकल्स क्लीनिक की संचालिका डॉ. पिंकी चौरसिया ने बताया कि यह स्वर्णप्राशन संस्कार विशेष रूप से जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह स्वर्णप्राशन शोधित स्वर्ण और विभिन्न आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के अर्क से तैयार लेह होता है, जिसे बच्चों के रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए दिया जाता है।

**सहायक विकास विस्तार अधिकारी के मॉडल आंसर जारी : रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। 15 जून को यह परीक्षा आयोजित की गई थी। व्यापम ने मॉडल आंसर पर 30 जून तक दावा आपत्ति मांगी है। इसके आधार पर दावा आपत्तियों का निराकरण करते हुए अंतिम परिणाम जारी किए जाएंगे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411